हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 23 .0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

10 जींदः मातृभाषा को बचाने के लिए सामूहिक संकल्प लिया



10 छात्रों ने काव्य के माध्यम से प्रतिभा का लोहा मनवाया



## खबर संक्षेप

### ओलावृष्टि से फसल प्रभावित की सूचना 72 घंटे के भीतर दें

**जींद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने बताया कि फसल बीमा योजना के तहत कलस्टर 2 जिसमें जिला जींद आता है। कृषि विभाग हरियाणा सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन अनुसार खरीफ 2024 से रबी 2025-26 के लिए एचडीएफसी एग्रो जनरल इन्शोरेंश कंपनी का चयन किया गया है।

### 630 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित तस्कर दबोचा

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस ने एक नशा तस्कर को 630 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई पारस की अगुवाई में एएसआई कमलजीत की टीम गश्त दौरान बस स्टैंड कैथल के पास मौजूद थी। पुलिस को जानकारी मिली कि प्रताप गेट निवासी बंटी गांजा पत्ती कुरुक्षेत्र से लाकर कैथल में सप्लाई करने का काम करता है।

### पेड़ काटने का विरोध करने पर मारपीट की

**जींद।** गांव नगूरां में पेड़ काटने का विरोध करने पर मां व बेटे पर हमला कर घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने तीन लोगों को खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव नगूरां निवासी रामप्यारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा अशोक मकान से कुछ दूरी पर प्लाट में पशुओं को चारा डालने गया हुआ था।

### चोरी के 4 आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**कैथल।** चुहड़माजरा रोड बीडीओ ऑफिस के पास से सेंटरिंग प्लेट चोरी करने के मामले की जांच थाना ढांड पुलिस के एचसी नरेंद्र कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी गांधी नगर कुरुक्षेत्र निवासी गुलाब उर्फ जसबीर व गुरप्रीत सिंह, गांव मछरोली जिला कुरुक्षेत्र निवासी हरजिंद्र व श्याम कॉलोनी कुरुक्षेत्र निवासी साहिब सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जींद।** अर्जुन स्टेडियम के निकट तेज रफ्तार कार ने टक्कर से बाइक बाइक सवार घायल हो गया। शहर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बैंड मार्केट निवासी साजन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अर्जुन स्टेडियम के निकट से गुजर रहा था।

### लुटपाट गिरोह में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** वर्ष 2022 दौरान डेरो पर लुटपाट करने वाले गिरोह के भुमिगत चल रहे आरोपी को सीआईए-1 पुलिस द्वारा काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बाबा मस्त नाथ धुना खरखेड़ा गांव नौच के महंत बाबा बीरनाथ की शिकायत अनुसार 3 सितंबर 2022 की रात 4 युवक अपने मुँह पर रुमाल बांधे हुए डेरे में घुस आए व डेरे में मौजूद बाबाओं को पीटना शुरू कर दिया।

### डेढ़ साल की बेटी के साथ महिला लापता

**जींद।** गांव गतौली से महिला के अपनी डेढ़ साल की लड़की के साथ संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव गतौली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की गत 17 फरवरी को उसकी पत्नी तथा डेढ़ साल की बेटी घर से गायब हो गई।

### अखिल भारतीय किसान सभा का धरना जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना आज मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में 1037 वें दिन भी जारी रहा । मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने मंच सांझा करते बताया।

# ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर धड़ाधड़ होंगे विकास कार्य : बड़ौली

## दो मार्च को कमल के निशान पर एकतरफा मतदान करेगी जनता : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि दो मार्च को जनता कमल के फूल पर एकतरफा मतदान करेगी और प्रदेश में ट्रिप्पल इंजन की सरकार बनेगी। सरकार के पास बजट की कमी नहीं है, ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर धड़ाधड़ विकास के कार्य होंगे। जुलाना में भाजपा प्रत्याशी डा. संजय जांगड़ा के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे बड़ौली ने कहा कि जनता ने भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा को विजयी बनाने का मन बना लिया है। पत्रकारों से बातचीत में बड़ौली ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजनीति में अपार संभावनाएं हैं, राजनीति में कब क्या हो जाए किसी को कुछ पता नहीं होता। अगर हुड्डा का मन बीजेपी में आने का है तो वे आ सकते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा चुनाव को उत्सव की मनाती है। भाजपा के कार्यकर्ता जोश और उत्साह से भरे हुए हैं। बीजेपी के लाखों कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पार्टी प्रत्याशियों को जीताने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में जन आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है।

बड़ौली ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जिन लोगों ने बीजेपी के विरोध मे वोट किया था, आज वो लोग भी बीजेपी के साथ हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गलती से अगर कोई विरोधी पार्टी का प्रत्याशी जीत जाता है, तो वह एक ही उलाहना पांच वर्षों तक देता रहेगा कि हमारी सरकार नहीं है। इसलिए काम नहीं करवा पाया। उन्होंने कहा कि जनता जान चुकी है कि नीचे से ऊपर तक भाजपा की सरकार है। इसी को ध्यान में रखकर कमल का फल खिलाने का मन लोग बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यों का प्रभाव है कि नगर निकाय चुनाव में छह नगर पार्षद सर्वसम्मति से बन चुके हैं।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली।

### कई कांग्रेसी जल्द पार्टी में आएंगे

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी तो तीन गुणा गति से काम होंगे। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार नॉन स्टॉप विकास के काम करेगी। जनता की सेवा करने का भाव रखने वाले कांग्रेस के कई बड़े नेता जल्द भाजपा में शामिल होने वाले हैं। जिला परिषद के दो चेयरमैन भी शीघ्र भाजपा ज्वायन करेंगे। बड़ौली ने कहा कि जुलाना से ही रेखा को गुप्ता को बीजेपी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाने का काम किया है। रेखा गुप्ता हरियाणा की बेटी है और अब वह दिल्ली की सेवा करेंगी।

## जींद में बारिश के साथ ओलावृष्टि ने धरतीपुत्रों को चिंता में डाला

# 50 से ज्यादा गांव में गेहूं, सरसों सब्जी की फसलों को नुकसान


### ओलावृष्टि प्रभावित गांव के किसान पहुंचे अधिकारियों के दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में बीती रात बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों तथा सब्जियों की फसलों को नुकसान हुआ है। पकाव की तरफ जा रही फसलों पर मौसम की आफत ने किसानों की परेशानी को बढ़ा दिया है। ओलावृष्टि से प्रभावित गांव के किसानों ने डीसी के अलावा उपमंडल स्तर पर अधिकारियों से मिले। जिन्होंने फसल खराबा की गिरदावरी करा मुआवजा की मांग की है। जिस पर डीसी ने राजस्व विभाग को ओलावृष्टि से नुकसान के नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार करने केआदेश दिए हैं ताकि किसानों को मुआवजा मिल सके। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

जिले में औसतन दो एमएम बारिश दर्ज की गई। जींद में 2.4 एमएम, नरवाना में 2.6 एमएम, सफीदों में 2 एमएम, पिल्लूखेड़ा में 3 एमएम, अलेवा मे 2.2 एमएम, उचाना में एक एमएम, जुलाना में बूंदाबांदी दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री तथा न्यूतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 62 प्रतिशत तथा हवा की गति दस किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आकाश मबें ादलों को आवागमन लगा रहा। बूंदाबांदी के आसार भी बने रहे। देर रात को गरज चमक के साथ हलकी बारिश हुई। जिसके साथ ओलावृष्टि भी हुई। जिससे कुछ गांव में फसलों तथा सब्जियों को ज्यादा नुकसान हुआ। हालांकि ओलावृष्टि ज्यादा देर नही रही लेकिन किसानों की सांसें अटकी रही।

तेज हवा के चलते कुछ स्थानों पर फसलें पसर गई। किसानों को कहना है कि सरसों को ज्यादा नुकसान हुआ है। गेहूं में बालियां आ रही और दाना बन रहा है। सरसों पकाव की तरफ है। ओलावृष्टि के कारण उनकी फसलों को काफी नुकसान हुआ है।ओलावृष्टि से प्रभावित गांवः रात को ओलावृष्टि से गांव खरकरामजी, चाबरी, आसन दातासिंह वाला, उझाना, नेपेवाला, बेलरखां,भाणा ब्राह्मणन, गांव सिंगावाल, खरकभूरा, उचाना, बडौदा, घोघडिया, लुदाना, मोरखी, हंसडैहर, कालवन, पीपलथा, रसीदां, सिहपुरा, बहादुरपुर, खरकड़ा, शीलाखेड़ी, रोजला, रत्ताखेड़ा, रामपुरा, हाडवा, गांगोली, धडौली, कालवा समेत आसपास के दर्जनभर गांव, उचाना के संडील बिघाना समेत दर्जनभर गांव शामिल है।





जींद। तेज बारिश तथा ओलावृष्टि से बिछी फसल। फोटो :हरिभूमि

### खेतों में सिंचाई से परेहज करें

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते बूंदाबांदी व ओलावृष्टि हुई है। मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। खेतों में सिंचाई से परेहज करें।

### आंकलन के आदेश

जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने बताया कि कुछ गांव के किसान ओलावृष्टि से फसला खराबा को लेकर पहुंचे थे। पटवारियों को नुकसान के आंकलन के आदेश दिए गए। जिसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट मिलने के बाद उसे आगे भेजा जाएगा।

### मौसम परिवर्तनशील

रात को बारिश तथा बूंदाबांदी के बाद शुक्रवार को मौसम परिवर्तनशील बना रहा। दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन में सूरज भी निकला, बादलवाई भी बनी रही। शाम को मौसम ने फिर से करवट ली और आकाश में बादल घिर आए। जिसके चलते बूंदाबांदी के आसार बन गए।





जींद। बरसात व ओलावृष्टि से बिछी फसल व गिरे ओले। फोटो :हरिभूमि

## किसानों ने खराब फसल के मुआवजे की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वीरवार देर रात बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। जिले के अनेकों गांव में गेहूं व सरसों की फसल बर्बाद हो गई है। जिससे किसानों के चेहरे मायूसी छा गई है। कृषि विभाग ने भी अपनी फसल नुकसान की रिपोर्ट 72 घंटे में दर्ज कराने की अपील की, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत उचित मुआवजा मिल सके। बता दें की इस सीजन में वातावरण अनुकूलन रहने के कारण गेहूं, सरसों की फसल अच्छी ग्रोथ कर रही थी। किसानों को भी लागत से ज्यादा निकलने का अनुमान था। वहीं विभाग के अनुसार आगामी दो दिन तक बारिश की बात कही है। गौरतलब है कि गत तीन दिनों से अधिकतम तापमान बढ़ने से गर्मी बढ़ी थी लेकिन वीरवार की सुबह मौसम पलट गया था।बारिश के बाद तेज रफ्तार से हवा चलने से ठंड भी बढ़ गई। शुक्रवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान कम हुआ है। अधिकतम तापमान 22.01 और 12 सेल्सियस डिग्री दर्ज किया गया है।शुक्रवार दिनभर सूर्य देव व बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल जारी रहा। दिनभर तेज हवाएं भी चलती रही। ठंड का अहसास रहा। सुबह के समय लोग गर्म कपड़े ओढ़े हुए देखे गए। फसल खराब होने के 72 घंटे के भीतर रिपोर्ट दर्ज करवाना अनिवार्य है। किसान कृषि विभाग के पोर्टल पर जाकर अपने खेत की जानकारी और फसल नुकसान का ब्यौरा अपलोड कर सकते हैं। आवेदन के साथ खेत की तस्वीरें, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण और किसान पहचान पत्र अपलोड करना होगा। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कृषि विभाग की टीम मौके पर जाकर सर्वे करेगी।

# हत्या के दोषी को उम्रकैद, तीस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सेशन जज रितु वाईके बहल ने हत्या के मामले में दोषी को उम्र कैद और 30000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जुर्माने की राशि मृतक के परिवार को देने के आदेश भी अदालत ने किए हैं। इसी मामले में साक्ष्यों के अभाव में एक अन्य आरोपी को बरी कर दिया गया है। इस बारे में विकास गोरा निवासी गांव मुंदड़ी ने थाना पूंडरी में 14 दिसंबर 2021 को धारा 302, 201 और 34 के तहत एफआईआर नंबर 710 दर्ज करवाई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से केस की पैरवी डीडीए जसबीर ढांडा ने की। जसबीर ढांडा ने बताया कि शिकायतकर्ता विकास गोरा निवासी गांव मुंदडी ने चार साल से 9 एकड़ जमीन काश्त के लिए गांव जटेड़ी में ज्ञाना राम निवासी पूंडरी से ठेके पर ली हुई है। इस जमीन में ज्ञाना राम ने एक रिहायसी डेरा बनाया हुआ है जो उसने बिजली के ठेकेदार प्रदीप वासी भालसी को किराये पर दिया हुआ है। डेरे में बने चौबारे में जोनी वासी यूपी, अंकित व सोनू वासी हाट बांगडु रहते थे। 12 दिसंबर 2021 को विकास खेत में आया तो डेरे पर अंकित व सोनू नहीं मिले। विकास ने चौबारे में देखा तो मजदूर जोनी खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा था। अंकित ने विकास को बताया कि रात को उसने व सोनू ने जोनी को गंडासी मार दी थी।



# सीएम फ्लाइंग-खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने भरे सैंपल

## टीम ने अलग-अलग स्थानों पर गुड़, घी, पनीर, नमकीन के आठ सैंपल भरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खाद्य एव सुरक्षा विभाग तथा सीएम फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने जिले में अलग-अलग स्थानों पर गुड़, घी, पनीर, नमकीन के आठ सैंपल भरे। जिन्हें जांच के लिए लैबोरेटरी भेजा गया। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई लाई जाएगी। जिला खाद्य एवं सुरक्षा विभाग तथा सीएम फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की शिकायत मिलने पर पिल्लूखेड़ा में घी फार्म पर दस्तक दी। जहां से टीम ने देशी घी तथा वनस्पती ऑयल, करियाना स्टोर पिल्लूखेड़ा से गुड़ तथनमकीन, दूसरी घी फर्म से घी तथा पनीर के सैंपल भरे। वहीं सब्जी मंडी जींद से गुड़ के सैंपल भरे। दुकानों तथा घी फर्मों से भरे गए सैंपलों को जांच के लैबोरटरी भेजा गया है। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने बताया कि अलग-अलग स्थानों से आठ सैंपल भरे गए हैं। जिन्हें जांच के लिए लैबोरेटरी भेजा है। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। लोगों साफ स्वच्छ खादय पदार्थ मिले इसको लेकर मुहिम चलाई है।



जींद। जांच करते टीम सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# थार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव निडानी के निकट गोहाना रोड पर तेजरफ्तार थार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गांव निडानी निवासी अनिल कार्यवश वह अपने खेत में गया हुआ था। देर शाम को वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। गांव के निकट गोहाना रोड पर बाइक को रोक कर दुकान से सामान लाने जा रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार थार गाड़ी ने अनिल को टक्कर मार दी। जिसमें अनिल गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर हालात में अनिल को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे साहिल की शिकायत पर फरार थार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौप दिया।

## उपप्रधान रोहित तनेजा, सचिव नरेंद्र शर्मा तो अन्नू सैनी बनी सहसचिव

# कुणाल अग्रवाल बने बार एसो.सफीदों के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

शुक्रवार को सफीदों बार एसो . का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। चुनाव प्रधान, उपप्रधान, सचिव व सहसचिव पदों के लिए करवाया । चुनाव अधिकारी देवेंद्र जागलान की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। प्रधान पद के लिए एडवोकेट कुणाल अग्रवाल व एडवोकेट पुरूषोत्तम सिंह, उपप्रधान पद के लिए एडवोकेट रोहित तनेजा, संदीप कौशिक व सोहन सिंह, सख्चिव पद के लिए एडवोकेट एडवोकेट बलिंद्र बैरागी व एडवोकेट नरेंद्र कुमार तथा सहसचिव पद के लिए एडवोकेट बिंटू राणा व एडवोकेट अन्नू सैनी ने अपना-अपना भाग्य आजमा रहे थे। चुनाव अधिकारी जागलान ने बताया कि शुक्रवार को तय समय सुबह 8 बजे से वोटिंग शुरू हो गई थी तथा यह सायं साढ़े 4 बजे तक जारी रही। चुनाव में कुल 217 वोटों में से 200 वोट पोल हुईं। उसके बाद वोटों की गिनती का कार्य शुरू हुआ। मतगणना के उपरांत प्रधान पद के उम्मीदवार कुणाल अग्रवाल को 111 व पुरुषोत्तम राणा को 86 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार से एडवोकेट कुणाल अग्रवाल ने 25 मतों से जीत हासिल की। उपप्रधान पद के उम्मीदवार रोहित तनेजा ने 90, संदीप कौशिक ने 82 व सोहन सिंह ने 27 मत प्राप्त किए। इस पद पर रोहित तनेजा ने 8 मतों के अंतर से जीत हासिल की। सचिव पद के चुनाव में बलिंद्र बैरागी ने 90 व नरेंद्र शर्मा ने 108 वोट प्राप्त किए। जिसमें 18 वोटों से नरेंद्र शर्मा विनर रहे। इसी प्रकार सहसचिव पद के चुनाव में अन्नू सैनी को 107 व बिंटू राणा ने 90 मत प्राप्त किए। इस पद पर अन्नू सैनी ने 17 वोटों से जीत दर्ज करवाई। चुनाव अधिकारी ने शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर सभी वकीलों का धन्यवाद किया। अपने संबोधन में नवनियुक्त प्रधान एडवोकेट कुणाल अग्रवाल ने सभी एडवोकेट्स का धन्यवाद किया।



## खबर संक्षेप

### आर्य स्कूल में बैडमिंटन हाल का उद्घाटन किया

**जींद।** आर्य स्पोर्ट्स अकादमी अहिरका जींद के इनडोर हॉल में बैडमिंटन का उद्घाटन किया गया। इसमें बैडमिंटन नेट, बैडमिंटन मेट और बैडमिंटन रैकेट्स को शामिल किया गया। इसका उद्घाटन स्कूल प्रबंधक वजीर सिंह ढांडा और स्कूल प्रधानाचार्या सुधा शर्मा द्वारा किया गया। इसमें विद्यार्थियों के आपस में मैच करवाए। इसमें वजीर सिंह ढांडा ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताया।

### योग सहायकों की मासिक बैठक हुई

**जींद।** आयुष विभाग हरियाणा के महानिदेशक निर्देशानुसार और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी जींद डा. अमित रोहिला के आदेशानुसार आयुष विभाग जिला जींद में कार्यरत सभी योग सहायकों की मासिक बैठक एवं योग प्रशिक्षण दिवस का आयोजन किया गया। आयुष विंग नागरिक अस्पताल जींद में बने पिरामिड में कार्यक्रम में योग सहायक नवनीत के द्वारा अंतः स्त्रावी ग्रंथियां विषय पर अपना व्याख्यान सांझा किया।

### केवी बुडायन में युवा संसद का आयोजन

**जींद।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन में युवा संसद का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को संविधान प्रक्रिया से परिचित करवाया गया। प्राचार्य सुरेंद्र ने छात्रों को बताया कि वर्तमान काल में संविधान का ज्ञान कितना आवश्यक है। छात्रों को संविधान के सभी पहलुओं का गहन अध्ययन करना चाहिए।

### युवती की अर्धनग्न फोटो फेसबुक पर डाली, केस

**जींद।** युवती की अश्लील फोटो फेसबुक पर वायरल करने पर उचाना थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अश्लील हरकत करने, आईटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना थाना इलाके की युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह लगभग छह माह पहले के निजी अस्पताल में कार्यवश गई हुई थी।

### डिजिटल मुद्रा के प्रभाव पर विस्तार व्याख्यान

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा वित्तीय प्रणाली पर केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा के प्रभाव विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणाए महेंद्रगढ़ के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. अमनदीप वर्मा मुख्य वक्ता रहे। डा. वर्मा ने व्याख्यान के दौरान में डिजिटल मुद्रा की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की।

### जनसमस्याओं के लिए हल कैंप का आयोजन

**जींद।** नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निवारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और जनता की शिकायतों को सुनकर उनके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को बड़ी राहत मिल रही है।

### अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया

**नरवाना।** सत शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ हरियाणा की नई कार्यकारिणी गठित हरियाणा में संत शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। कार्यकारिणी की घोषणा महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष रामलाल आर्य ने की। कहा कि वह गुरु रविदास जी के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के उत्थान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### मकान से इन्वर्टर, बैटरी समेत अन्य सामान चोरी

**जींद।** चिकित्सक कोर्ट में वीसी पर गया हुआ था। पीछे से चोरों ने मकान को ताला तोड़ इन्वर्टर, बैटरी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने चिकित्सक की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. राजेश ने पुलिस को शिकायत दी है।

---

### रूपगढ में जल घर का निरीक्षण करने के बाद ग्रामीणों से की बात

# हर घर को पेयजल उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता : रणबीर सिंह

### 180 ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता रणबीर सिंह ने कहा कि हर घर तक स्वच्छ व पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है।

रणबीर सिंह शुक्रवार को गांव रूपगढ़ में जलघर का निरीक्षण करने के बाद ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने जलघर में किए जा रहे साफ-सफाई व अन्य कार्यो का भी जायजा लिया उपमंडल अभियंता ने कहा की विभाग प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने के लिए हर गांव में जलघर, बूस्टर व नये ट्यूबैल लगाने के कार्य कर रहा है ताकि किसी को भी पेयजल की कमी महसुस ना हो। इसके साथ ही गांव में सपलाई होने वाले पानी को क्लोरिनेशन किया जाता है ताकि उपभेक्ता तक शुद्ध पानी पहुंच सके। इस मौके पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना व कनिष्ठ अभियंता हितेश्वर कुमार, ने कहा कि गांव में पेयजल आपूर्ति के रखरखाव संचालन के लिए ग्राम जल एवं सीवरेज समिति बनाई गई है जिससे अच्छी तरह से प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि इनके सदस्यों में अधिक से अधिक अपने अधिकार और कर्तव्य के बारे में जागरुकता आ सके। हर घर तक जल पहुंचाने के लिए कमेटी का अहम योगदान है। विभाग द्वारा समय समय पर इस कमेटी के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसके कारण यह कमेटी पेयजल की व्यवस्था को अच्छी तरह से देख पाती है। आने वाले समय में इस कमेटी का दायित्व और अधिक हो जाएगा, जब यह कमेटी ग्रामीण पेयजल सप्लाई का रखरखाव एवं संचालन की जिम्मेवारी खुद संभालेगी। उन्होंने कहा कि जिले की 300 ग्राम पंचायतों में प्रदेश सरकार के गजट नोटिफिकेशन के अनुसार 16 सदस्यीय ग्राम जल एवं सीवरेज समिति का गठन किया गया है, जिसमें से अब तक 180 ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया हैं।



जींद। जलघर का निरीक्षण करते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

ये हैं कमेटी के कार्य : ग्रामस्तर पर जलापूर्ति व सीवरेज संबंधी योजना बनाना, कार्यान्वयन, पर्यवेक्षण, निगरानी, संचालन व रखरखाव करने व पानी की आपूर्ति प्रदान करने के लिए इंट्रा ग्राम इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे कि ट्यूबवेल, कनाल बेस वाटर वक्र्स, बूस्टर्स, पाइप लाइन, वोल्व इत्यादि प्रणालियों तथा अन्य सेवाओं संबंधित अनुबंध आदि कार्य करना। इसके अलावा पेयजल की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच करवाना, पेयजल का शुल्क इक_ा करना, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति का बैंक खाता खुलवा कर उसको मैंटेन करना, ग्राम समुदाय में स्वास्थ्य, स्वच्छता व जल संसाधन प्रबंधन सहित जल आपूर्ति और सीवरेज के सभी पहलूओं पर सूचना का प्रसार, जागरूकता पैदा करना तथा शिक्षित करना आदि है।

#### 16 सदस्यीय ग्राम जल एवं सीवरेज समिति का गठन किया

प्रदेश सरकार के गजट नोटिफिकेशन के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 16 सदस्यीय ग्राम जल एवं सीवरेज समिति का गठन किया गया है। जिसमें चेयरमैन सरपंच के अलावा तीन पंच, स्वयं सहायता समूह की सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, महिला मंडल की प्रधान, युवा संगठन के सदस्य, आजीविका मिशन के सूत्रधार, सेवानिवृत शिक्षक, ग्राम चौकीदार, पंप ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, फीटर, पलंबर, सेवानिवृत्त सैनिक, नलकूप चालक, विभाग से कनिष्ठ अभियंता, पंचायती राज विभाग से कनिष्ठ अभियंता व पंचायत सचिव आदि को सदस्य बनाया गया हैं।

---



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## जींदः मातृभाषा को बचाने के लिए सामूहिक संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिलेभर के राजकीय स्कूलों में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। विद्यालय में सुबह के समय प्रार्थना सभा के दौरान अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व पर चर्चा की गई और अपनी मातृभाषा को बचाने के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया। सामूहिक संकल्प के दौरान विद्यार्थी और शिक्षकों ने कहा कि वह अपनी मातृभाषा का सम्मान करेंगे। इसे रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाएंगे और इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही भाषाई विविधता का सम्मान करते हुए सभी भाषाओं का मान बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया। विद्यार्थियों के लिए मातृभाषा में कविताए कहानी सुनाना, बोर्ड सजाना, नाटक प्रस्तुति और भाषा के खेल आयोजित किए गए। स्कूली बच्चों के अभिभावकए दादा.दादीए बुजुर्गों और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों को भी कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया था। विद्यालयों में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की फोटो और वीडियो निपुण हरियाणा के आधिकारिक प्लेटफार्म पर अपलोड की गई। कार्यक्रम में अभिभावकों ने लोक कथाओं या वास्तविक जीवन की कहानियां सांझा की, जो विद्यार्थियों को परंपराओं से जोड़ती हैं। एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने कहा कि पारंपरिक लोकगीत गाकर क्षेत्रीय संस्कृति और संगीत के प्रति आदर व्यक्त करते हैं। 21 फरवरी को मातृभाषा दिवस मनाए जाने को लेकर हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने पत्र जारी किया था। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर स्कूलों के मुखियाओं को निर्देश जारी किए गए थे। उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाए जाने का उद्देश्य भाषाई विविधता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाना है।

---

## सच्चा गुरु वही जो अपने शिष्य को सद्मार्ग दिखाए : संत सुखदेवानंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सफीदों

सत्संग से मनुष्य का जीवन संवरता है। उक्त उद्गार संत सुखदेवानंद महाराज ने प्रकट किए। वे सफीदों शहर स्थित कुटिया शांत सरोवर में आयोजित वार्षिकोत्सव में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। संत सुखदेवानंद महाराज ने कहा कि अगर परमात्मा को पाना है तो हमें सत्संग में जाना होगा।

भगवान की प्राप्ति व भक्ति से जुडऩे का सबसे सरल माध्यम सत्संग ही है। भगवान के नाम का सिमरन ही हमारे जीवन को इस भवसागर से पार लगा सकता है। इसके लिए जरुरी है कि मनुष्य सच्चे गुरु की शरण लें। सच्चा गुरु वही है जो अपने शिष्य को सद्मार्ग पर चलाकर भगवान को पाने का रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा कि केवल एक सच्चा आध्यात्मिक गुरु वह है जो अज्ञानता, तनाव और सांसारिक दुखों के अंधेरे को समाप्त करके हमारी उपासना के मार्ग को प्रबुद्ध करता है और हमें मृत्यु और जन्म से मुक्त करता है। पूर्ण गुरु के वचन की शक्ति से भक्ति होती है, पूर्ण गुरु से दीक्षा लेकर भक्ति करना लाभदायक है और बिना गुरु के भक्ति करने से कोई लाभ नहीं होता। शास्त्रों में भी कहा गया है कि गुरु बिना भक्ति करने का प्रयत्न व्यर्थ रहेगा।

### रा. आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव पच्चीस को

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 25 फरवरी को एक दिवसीय शिक्षुता रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में फरीदाबाद की व्हर्लपूल कारपोरेशन लिमिटेड कंपनी भाग ले रही है, जो युवाओं को शिक्षुता और भविष्य में स्थायी रोजगार का अवसर प्रदान करेगी। व्हर्लपूल कॉर्पोरेशन वाशिंग मशीन, फ्रिज, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशन, माइक्रोवेव ओवन और अन्य किचन एप्लायंसेज बनाने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी है।कंपनी इस रोजगार मेले के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों को शिक्षुता का अवसर प्रदान करेगी। जिससे वे व्यावसायिक अनुभव प्राप्त कर भविष्य में स्थायी रोजगार की दिशा में अग्रसर हो सकें। यह शिक्षुता रोजगार मेला केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। चयन प्रक्रिया के तहत रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर, फीटर, स्पॉट वेल्डर, पेंटर और इलेक्ट्रीशियन जैसे मांग वाले ट्रेड्स के लिए 70 पदों पर भर्ती की जाएगी। चयन प्रक्रिया कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से पूरी की जाएगी।

## जींदः किसानों व सामाजिक मुद्दों पर हमारा संघर्ष लगातार जारी रहेगाः टेकराम कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी टेकराम कंडेला ने राष्ट्रीय मुख्यालय पर बोलते कहा कि किसानों की फसल का लाभकारी भाव दिलवाना, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, मोटी फसल के लिए किसानों को जागरूक करना, एक गांव एक गोत्र पर शादी पर रोक लगाना, लिव इन रिलेशनशिप को बंद करवाना, नशे को जड़ से खत्म करवाना आदि मुद्दों पर हमारा संघर्ष जारी रहेगा। कंडेला ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग गुरु श्रीश्री रविशंकर ने इन सभी मुद्दों पर जो समर्थन दिया है, इससे हरियाणा की सभी खाप पंचायतों को बल मिला है। इन सभी मुद्दों पर केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। कंडेला ने कहा कि नायब सैनी समाज और किसान हित में मजबूती से कार्य कर रहे हैं व लव मैरिज पर माता-पिता की सहमति होनी चाहिए। इस मामले पर हमारे समाज का ताना-बाना खत्म होता जा रहा है। इस पर अपने परिवार के लोगों व समाज में अच्छी शिक्षा देनी चाहिए। इस पर हरियाणा की खाप पंचायतें व सामाजिक संगठन भी पूरी तरह से काम कर रहे हैं ताकि हमारे समाज में सुधार हो सकें। कंडेला ने महाकुंभ संगम में स्नान करने के बाद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रबंधों की पूरी सराहना की और उत्तर प्रदेश की पुलिस प्रशासन जो की सुचारू रूप से कार्य कर रही है, इसे लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नही है। भीरा दालमवाला, अभेराम कंडेला, अजमेर दालमवाला, डा. बलराज कंदोला, सत्यवान रेढू मौजूद रहे।



जींद। कार्यकर्ताओं के साथ टेकराम कंडेला। फोटो :हरिभूमि

---



सफीदों। मॉडल प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

### बच्चों ने प्रस्तुत किए विज्ञान के सुंदर-सुंदर मॉडल

**सफीदों।** नगर के जेडी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय चेयरमैन एसके भारद्वाज ने किया। प्रदर्शनी में कक्षा 3 से 9 के बच्चों ने विज्ञान के सुंदर-सुंदर मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में विशेष रूप से स्मार्ट डस्टबीन, वाईफाई रोबोट, ऑटोमेटिक इरिगेशन, होम सिक्योरिटी सिस्टम, फायर डिडक्टर इन वन सेंसर, रेन डिटेक्टर, क्लॉथ कलेक्टर, वाटर हार्वेस्टिंग आदि मॉडल बनाकर सभी का मन मोह लिया। अपने संबोधन में एसके भारद्वाज ने कहा कि इस प्रदर्शनी का मकसद विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि पैदा करना था। इस तरह के आयोजन स्टूडेंट्स के साइकोमोटर स्किल को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर निदेशक विजय भारद्वाज एवं प्राचार्य संजीव कुमार मौजूद थे।

## बच्चों को सिखाए आपदा से बचाव के गुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल द्वारा स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शुक्रवार को उपमंडल नरवाना के विभिन्न विद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और आमजन को आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी देना था। इस कार्यक्रम में एनडीआरएफ टीम का नेतृत्व सहायक कमांडेंट ओपी बिश्नोई एवं इंस्पेक्टर त्रिलोक सिंह द्वारा किया गया। उनके साथ सहायक सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार, हवलदार पशुपतिनाथ मिश्रा, हवलदार कुलविंदर सिंह, हवलदार जसबीर, सिपाही आशीष मोहंती, सिपाही जयवीर सिंह बिष्ट, सिपाही संदीप चौधरी, सिपाही संदीप सिंह एवं सिपाही बिक्रम मौजूद रहे। महिला कर्मियों में पूनम और अमिता ने भी इस अभियान में भाग लिया। इस प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को सीपीआर हृदय गति रुकने पर प्राथमिक उपचार, भूकंप के दौरान सुरक्षा उपाय, प्राथमिक उपचार, बाढ़ से बचाव एवं गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में सुरक्षा तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। जिससे प्रतिभागियों को आपदाओं से निपटने की प्रभावी तकनीक सीखने का अवसर मिला। इस अभियान का उद्देश्य आपदाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना, आत्मरक्षा के तरीके सिखाना और समुदाय को आपदा प्रबंधन में सक्षम बनाना था।



जींद। आपदा बचाव के गुर सिखाते एनडीआरएफ टीम सदस्य।



जींद। भौंगरा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

### छात्रों ने काव्य के माध्यम से प्रतिभा का लोहा मनवाया

जींद। राजकीय वमावि भौंगरा के प्रांगण में नशा मुक्त हरियाणा अभियान एवं मातृभाषा दिवस के संयुक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उचाना के डीएसपी संजय कुमार पहुंचे। अध्यक्षता बीआरसी रणपाल श्योकंद ने की। मंच संचालन माण रामप्रसाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा मातृभाषा के संवर्धन में विभिन्न पोस्टर स्लोगन तैयार करके उनके स्टॉल लगाए गए। विद्यार्थियों ने काव्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नशा मुक्ति हरियाणा के संयोजक नरेश कुमार द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान की शपथ दिलाई। डीएसपी द्वारा शिक्षकों के माध्यम से बच्चों को यातायात के नियमों को उनकी जन्म घूटी के रूप में देने की सलाह दी। विद्यार्थी समाज के सच्चे संवाहक हो सकते हैं। क्योंकि बच्चों को मन का सच्चा माना जाता है। भौंगरा गांव को नशा मुक्त घोषित किया जा चुका है। गांव में कोई भी नशे के कारोबार में दिखाई पड़े तो उसकी सूचना पुलिस प्रशासन को को दें। इस अवसर पर प्राचार्य प्रवेश खापड़, सरपंच सुखविंद्र, ब्लॉक समिति सदस्य नरेंद्र शर्मा, समाजसेवी पंडित छब्बील दास, कर्मवीर सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

---

**प्रतियोगिता** राजकीय महाविद्यालय में 61वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

# 800 मीटर रेस पुरुष वर्ग में अजय तो महिला वर्ग में गरिमा ने प्राप्त किया अव्वल स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को 61वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। कार्यक्रम में अनुशासन व टीम भावना का परिचय देते खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। प्रतियोगिता की शुरुआत कॉलेज में ध्वजारोहण के बाद हुई तथा इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें खेल भावना व नियमों के अनुसार खेलने तथा नशे से दूर रहने की शपथ ली गई। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि खेल मानव जीवन का अनिवार्य अंग है। यह केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है बल्कि प्रकृति प्रदत्त शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक क्षमताओं को निखारने व अभिव्यक्त करने का माध्यम है। उप प्राचार्य मुनीश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन 1500 मीटर दौड़ (पुरुष एवं महिला), लंबी कूद (महिला), शॉट पुट (पुरुष) व 100 मीटर दौड़ पुरुष, महिला, टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ, जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। समापन समारोह में शनिवार को मुख्यातिथि एसडीएम सत्यवान सिंह मान विजेताओं को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम सचिव डा. रणधीर सिंह ने कहा कि इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है बल्कि छात्रों में अनुशासनए टीम वर्क और स्वस्थ जीवनशैली की भावना को भी विकसित करना है। **परिणामः** 800 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में अजय ने प्रथम, जतिन ने द्वितीय तथा यमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर महिला दौड़ में गरिमा ने प्रथम, आशा ने द्वितीय तथा काफी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो महिला वर्ग में गरिमा ने प्रथम, काफी द्वितीय व आशा तृतीय स्थान पर रही। शॉट पुट पुरुष वर्ग में राघव प्रथम, साहिल द्वितीय व अमित तृतीय स्थान पर रहा।



जींद। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

## ज्ञानानंद महाराज ने छात्राओं को बताया गीता का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हिंदू कन्या कालेज के सभागार में संगीत विभाग द्वारा मनीषी ज्ञानानंद महाराज द्वारा छात्राओं व स्टाफ सदस्यों के लिए एक व्याख्यान आयोजित किया। महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्राएं मौजूद रही। ज्ञानानंद महाराज ने छात्राओं को जीवन में श्रीमद्भागवत गीता के महत्व के बारे में बताया। गीता ग्रंथ के मुख्य सूत्रों में कर्मए ज्ञान एवं भक्ति को अपने जीवन में शामिल करने को कहा। उनके अनुसार जो व्यक्ति एकाग्र मन से कार्य करता है उसका अपने कार्य में आत्मविश्वास स्पष्ट परिलक्षित होता है। किस कार्य को कितनी प्राथमिकता देनी है और जिस वातावरण में जहां भी मौजूद है, वहां अपने कर्तव्य को किस प्रकार समझना है। उसके लिए गीता के प्रथम शब्द धर्म व अंतिम शब्द मन की बात उन्होंने छात्राओं से सांझी की। शुष्क में प्राणों का संवरण करने वाला उनका उद्बोधन छात्राओं के लिए सकारात्मकता का कार्य करेगा। महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर जी ने उनका धन्यवाद किया एवं उनके बताएं सूत्रों को जीवन में उतारने का आश्वासन दिया। मंच संचालिका संगीत विभाग से डा. क्यूटी ने भविष्य में ऐसे व्याख्यान महाविद्यालय में होने चाहिए।

**खबर संक्षेप**

## मारपीट में एक महिला घायल, मामला दर्ज

**कैथल।** गांव बालू में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव बालू के सुरेंद्र सिंह ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 19 फरवरी को सायं के समय नरेंद्र और अखिल ने उनके घर में घुसकर उसकी मां कमला देवी के साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी कभी दी।

## अंगौध गांव में 25 होगा नाइट कैंप का आयोजन

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि 25 फरवरी को गुहला खंड के गांव अंगौध के राजकीय मिडल स्कूल में जिला प्रशासन की ओर से नाइट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी विभागों द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इस कैंप में अधिकारियों द्वारा आमजन की शिकायतें की सुनी जाएंगी। सभी अधिकारी इस कैंप में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

## विवाहिता दस वर्षीय बेटे के साथ लापता, केस

**कैथल।** कैथल के माता गेट से एक विवाहिता अपने 10 वर्षीय बेटे के साथ बिना बताए घर से लापता हो गई। माता गेट कैथल के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 19 फरवरी को उसकी 33 वर्षीय पत्नी उसके 10 वर्षीय बेटे के साथ बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसके आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जीवन में प्रत्येक लक्ष्य संभवः डीएसपी सुशील

**गुहला चीका।** डीएवी कॉलेज, चीका की एनएसएस इकाई द्वारा गांव गुहला में चलाए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर में जिला कैथल से ट्रैफिक प्रभारी अभियान के इंचार्ज डीएसपी सुशील प्रकाश ने व उनके सहयोगी सब इंस्पेक्टर ओम प्रकाश व शमशेर सिंह ने शिरकत की। उन्होंने एनएसएस वालंटियर को समाज में बढ़ रहे नशे के दुष्प्रभाव एवं उनके बचने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थि को राष्ट्र की रीड कहा जाता है।

### सभी राजकीय विद्यालयों में पंजाबी विषय की पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएं

# मुख्यमंत्री के नाम जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा मांगपत्र

**कौशल विषयों को भाषा का विकल्प न बनाकर अलग से पढ़ाया जाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** पंजाबी अध्यापक अते भाषा प्रचार प्रसार सोसाइटी हरियाणा जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन फोटो : हरिभूमि



**कैथल।** तैयार किए गए पोस्टरों को दिखाते डा. विजय कुमार चावला।

अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के उपलक्ष्य में पंजाबी अध्यापक अते भाषा प्रचार प्रसार सोसाइटी हरियाणा की राज्य कार्यकारणी द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार हरियाणा प्रदेश के विद्यालयों में आगामी सत्र 2025-26 त्रिभाषा सूत्र को लागू करने सहित अन्य माँगों को लेकर सोसाइटी की जिला इकाई कैथल की तरफ से जिला प्रधान बलविंदर सिंह की अगुवाई में पंजाबी अध्यापकों व पंजाबी प्रवक्ताओं द्वारा बड़ी संख्या में इकट्ठे हो के जिला शिक्षा अधिकारी श्री रामदिया गागट के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार, शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार व अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिला प्रधान बलविंदर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित दिशानिर्देश अनुसार प्रदेश में आगामी सत्र 2025-26 से त्रिभाषा सूत्र लागू करने की मांग की गई ताकि छात्र हिन्दी, अंग्रेजी सहित पंजाबी, संस्कृत, उर्दू, फ्रेंच इत्यादि भाषाओं में से तीन भाषाओं का अध्ययन कर सकें इससे एक तो बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास होगा और उनके लिए देश विदेश में रोजगार के अवसर भी बढ़ सकें। उन्होंने ने कहा भाषा का विकल्प भाषा ही होना चाहिए, कौशल विषयों को भाषा का विकल्प न बनाकर अलग से पढ़ाया जाना चाहिए। इस मौके उपस्थित जिला सचिव निशान सिंह ने माँग की कि लगभग सभी विषयों के अद्यापकों के प्रवक्ता पद पर प्रोमोशन किए जा चुके हैं लेकिन पंजाबी अध्यापक लम्बे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें योग्यता अनुसार शीघ्र पदोन्नति दी जाए और आगामी सत्र से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के विद्यालयों में 9वीं से बाहरवीं कक्षा में सी.बी.एस.ई. का पाठ्यक्रम लागू किया जाए क्योंकि यह पाठ्यक्रम सटीक व विद्यार्थियों की रुचि के अनुकूल है। सत्र आरम्भ होने से पहले सभी राजकीय विद्यालयों में पंजाबी विषय की पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएं। सोसाइटी के वरिष्ठ उपप्रधान हरजिंद्र सिंह ने कहा कि पंजाबी भाषा को राज्य में वर्ष 2010 से दूसरी भाषा का दर्जा प्राप्त है लेकिन इसे अभी तक राज्य में बनता मान-सम्मान नहीं मिल रहा है। इस मौके पर कुलवंत सिंह , अवतार सिंह , लफ्टेन सिंह,सुशील शास्त्री ,कृष्ण चंद बलराज, तरसेम, गुरबाज, अमनदीप सिंह हरजिंद्र सिंह, गुरजीत कौर , ममता रानी, डॉ सतिंदरपाल सिंह, गुरुमीत सिंह, सहित अन्य पंजाबी अध्यापक व प्रवक्ता उपस्थित थे।

### मातृभाषा संस्कारों की संवाहकः डा. विजय कुमार

**कैथल।** आरोही स्कूल ग्योंग जिला कैथल में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ मनीष सिंगला के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया।हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला ने विद्यार्थियों को बताया कि मातृभाषा संस्कारों की संवाहक है, मातृभाषा के बिना किसी भी देश की संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती है।अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस सांस्कृतिक विविधता और विभिन्न भाषाओं के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है, ताकि लोगों में न केवल अपनी और दूसरों की भाषाओं के प्रति प्रेम विकसित हो बल्कि विभिन्न मातृभाषाओं के बारे में भी ज्ञान प्राप्त हो सके।विदित है कि विभिन्न भाषाएँ,विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ती हैं। आज हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय कुमार चावला ने विद्यालय में विद्यार्थियों को मातृभाषा में कहानी सुनाने का अवसर प्रदान किया। विद्यार्थियों ने अपनी कहानी के हाथी,बकरी और चिड़यि पात्रों के मुखौटे बनाकर मातृभाषा में अपने साथियों को कहानी सुनाई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मातृभाषा और राजभाषा हिंदी में दक्ष होने के लिए संज्ञा,सर्वनाम,विशेषण,क्रिया तथा अव्यय शब्दों की ह्यशब्द दीवारह्न तैयार करते हुए अपने शब्द भण्डार को विकसित करने की गतिविधि में बढ़-चढ़ भाग लिया।विद्यार्थियों ने समूह में आपसी सहयोग से इस कार्य को अंजाम दिया।विद्यार्थियों ने मातृभाषा के महत्त्व को दशार्ते हुए पोस्टर भी तैयार किए। सभी विद्यार्थियों ने मिलकर यह शपथ भी ली कि वे आज से ही अपनी मातृभाषा को पूर्ण मान-सम्मान प्रदान करेंगे।

# ड्यूटी में लापरवाही नहीं होगी सहन : मीना शर्मा



**कैथल।** हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा का स्वागत करते रविभूषण गर्ग व अन्य। फोटो :हरिभूमि

- बाल उपवन आश्रम में अधिकारियों की बैठक को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा ने शुक्रवार को कोठी गेट स्थित बाल उपवन आश्रम में जिला के अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया। अधिकारियों को संबोधित करते हुए मीना शर्मा ने कहा कि हमें सरकार ने बाल हित को लेकर जो जिम्मेवारी सौपी है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभानी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि वे सर्वे करवाते हुए स्कूल से बाहर विद्यार्थियों का स्कूल में दाखिला करवाना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी विद्यार्थी भीख मांगता दिखाई दे तो तुरंत इसकी बाल कल्याण समिति को दें ताकि उसे स्कूल में भेजते हुए समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। इसके उपरांत जेजे बोर्ड के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद खुरानिया एडवोकेट ने अधिकारियों व कर्मचारियों को जेजे एक्ट व पोक्सो एक्ट से संबंधित विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल व महिला हित को लेकर कैथल की टीम सराहनीय कार्य कर रही है।

मीना शर्मा ने बाल हित में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु आपस में तालमेल से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि हमें बाल हित को लेकर डयूटी समय के अलावा हर समय अपनी आंख व कान खोलकर रखने चाहिए। यदि किसी भी बच्चे या महिला पर कोई अत्याचार दिखाई देता है तो तुरंत इसकी सूचना उन्हें या जिला बाल कल्याण समिति को दें। इसके उपरांत उन्होंने बाल उपवन आश्रम सीसीआई और विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने रसोई में बन रहे खाने को भी खाकर चैक किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा के प्रधान रविभूषण गर्ग, डीएसपी ललित कुमार, बाल कल्याण समिति के चेयरमैन राणा बंसल, सदस्य मोर राजेश, प्रदीप कुमार, कृष्ण शर्मा, अनु जिंदल, प्रदीप कुमार, डीसीपीयू से पीओआइसी कोमल, सुरेश कुमार, नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कैथलः एनआईआईएलएम विवि के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पिहोवा की सैंसस पेपर मिल का भ्रमण करते हुए।

एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय , कैथल के एमबीए, बीकॉम और बीबीए के छात्रों ने स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के फैकल्टी सदस्य डॉ. कमलप्रीत कौर रीना और अरविंद के साथ सैंसन्स पेपर मिल, पिहोवा का औद्योगिक भ्रमण किया।

छात्रों के इस दल को विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर शमीम अहमद ने हरि झंडी देकर रवाना किया और कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के उज्जवल भविष्य को लेकर बहुत गंभीर है और विश्वविद्यालय का प्रयास रहता है कि छात्रों को ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान किए जाए ताकि उनकी प्रतिभा खुलकर सामने आ सके और अपने द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करके जीवन में सफलता प्राप्त कर सके।

इस औद्योगिक यात्रा के दौरान सैंसन्स पेपर मिल के एचआर मैनेजर श्री राजेश ने छात्रों को क्राफ्ट पेपर के निर्माण प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पेपर निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं, मशीनों के संचालन और उद्योग में उपयोग होने वाली तकनीकों पर प्रकाश डाला।



**कैथल।** ग्रामीणों को जागरूक करती पुलिस टीम।

### अपराधों को रोकने के लिए आमजन का सहयोग बहुत जरूरीः पुलिस

**कैथल।** शुक्रवार को गुहला डीएसपी कुलदीप बेनीवाल व एसएचओ चीका इंस्पेक्टर सुरेश कुमार व एसएचओ गुहला ने गांव गगड़पुर, दुसेरपुर में, डीएसपी कलायत ललित कुमार, चौकी किठाना प्रभारी एएसआई राजेंद्र सिंह व एसएचओ कलायत एसआई जयभगवान द्वारा गांव कसान व रामगढ पांडवा में, डीएसपी मुख्यालय बीर भान व एसएचओ सदर एसआई मुकेश द्वारा गांव सीरटा में तथा डीएसपी गुरविंद्र सिंह व एसएचओ सिविल लाइन इंस्पेक्टर शिव कुमार द्वारा बलराज नगर कैथल में जाकर आमजन व मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठकों का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी डीएसपी द्वारा आमजन की समस्याएं भी सुनी गई व उनका त्वरित समाधान का आश्वासन दिया तथा आमजन से अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। पुलिस टीम द्वारा कहा गया कि अपराधों को रोकने के लिए आमजन का सहयोग बहुत जरूरी है जिसके बिना यह काम असंभव है।

# नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच की

- दर्शन अकादमी में लगाया फ्री स्वास्थ्य जांच हेल्थ चेकअप एवं अवेयरनेस कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

दर्शन अकादमी प्रताप गेट कैथल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच हेल्थ चेकअप एवं अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप को आयोजित करवाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों तथा अभिभावकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। यह कैंप वात्सल्य चैरिटेबल ट्रस्ट एवं आल क क्योर मेहता अस्पताल द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे की निगरानी में आयोजित किया गया। इस कैंप के मुख्य चिकित्सक एमबीबीएस जनरल फिजिशियन मैनेजिंग डायरेक्टर कुशल मेहता थे। इस निशुल्क कैंप में नर्सरी से आठवीं तक के सभी बच्चों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई तथा उन्हें इस बात के लिए जागरूक किया गया कि उन्हें संपूर्ण रूप से स्वस्थ रहने के लिए किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। इसी के साथ-साथ विद्यालय की अध्यापक अध्यापिकाओं की भी निशुल्क जांच की गई।

# त्रिवार्षिक राज्य प्रतिनिधि सम्मेलन 29-30 मार्च को होगा : छज्जूराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** बैठक में विचार विमर्श करते कर्मचारी नेता। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित विभागीय यूनियनों व सहयोगी जन संगठनों की सयुंक्त मीटींग यूनियन कार्यालय जवाहर पार्क में की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान छज्जू राम और मंच संचालन जिला सचिव कपिल सिरोही ने किया। मुख्य वक्ता सर्व कर्मचारी संघ के राज्याध्यक्ष धर्मबीर फोगाट व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के राज्य महासचिव दलेल राणा ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी 29-30 मार्च को चतुर्थ श्रेणी यूनियन का 22वाँ राज्य त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक भवन नजदीक जाट धर्मशाला खनौरी रोड कैथल में होना है। जिसमें राज्य के सभी जिलों से बड़ी संख्या मे में डेलीगेट और ऑब्जेवर पहुँचकर दो दिन चतुर्थ श्रेणी यूनियन के सांगठनिक ढाँचे और अपनी लंबित माँग मुद्दों को लेकर चर्चा करेगे और आगामी आंदोलन की रूप रेखा तय करेंगे। जिसमें कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने की पॉलिसी बनवाना, ग्रुप डी के कॉमन कैडर से विभागीय कैडर पर लाना, प्रमोशन कोटा 20 प्रतिशत से 50 प्रतिशत करवाना, पुरानी पेंशन स्कीम, खाली पड़े पदों पर भर्ती करवाना है।



**राजौंद।** कलश यात्रा के दौरान महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### ब्रह्माकुमारी आश्रम से भव्य शोभा यात्रा निकाली

**राजौंद।** महा शिवरात्रि पर्व को लेकर राजौंद ब्रह्माकुमारी आश्रम से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। ब्रह्माकुमारी आश्रम से इस यात्रा का शुभारंभ एसएचओ इंस्पेक्टर राजकुमार व राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उषा दीदी द्वारा हरी झंडी देकर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा की अगुवाई ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा की गई। यात्रा के दौरान सुंदर सुंदर झांकियों का भी आयोजन किया गया। इन झांकियों का मुख्य उद्देश्य था सर्व धर्म के पिता एक निराकार ज्योति स्वरूप परमपिता परमात्मा है। उन्होंने बताया हम भले ही अलग-अलग नाम से पुकारते हैं। परंतु हम एक ही घर से सभी आत्माएं इस धरती पर आई हुई है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर घर को स्वर्ग बनाना तथा मानव जीवन को सुख मय बनाना है। यात्रा में राजौंद के अलावा राहड़ा सेवा केंद्र, असंध,जयसिंहपुरा सहित आसपास से कई सेवा केंद्रों के भाई बहनों ने भाग लिया। नगर वासियों ने बढ़ चढ़कर इस यात्रा में भाग लिया। राजौंद मार्केट के भाई बहनों ने यात्रा का फूलों के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान मैन बाजार,जींद मोड,मंडवाल रोड अलग-अलग स्थान पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में विशेष रूप से आमंत्रित राजौंद थाना प्रभारी राजकुमार ने नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया।

# नगर पालिका पूंडरी, सीवन व कलायत में 16-16 मतदान केंद्र बनाए : प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति व सामान्य पर्यवेक्षक वंदना दिसोदिया की मौजूदगी में लघु सचिवालय स्थित सभागार में निकाय चुनाव पूंडरी, सीवन व कलायत के लिए ईवीएम का प्रथम रैंडेमाईजेशन किया गया। इस दौरान राजनीतिक दलों, उम्मीदवार व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। रैंडेमाईजेशन चुनाव आयोग के निर्देशानुसार किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने बताया कि नगर पालिका पूंडरी, सीवन व कलायत में 16-16 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके तहत सबसे पहले पूंडरी नगर पालिका के लिए ईवीएम का प्रथम रैंडेमाईजेशन करवाया गया। जिसमें नगर पालिका प्रधान चुनाव पूंडरी के लिए 21 बैलेट यूनिट तथा 21 कंट्रोल यूनिट, पार्षदों के लिए 19 बैलेट यूनिट व 19 कंट्रोल यूनिट का रैंडेमाईजेशन किया गया। इसके बाद कलायत नगर पालिका प्रधान चुनाव के लिए 21 बैलेट यूनिट तथा 21 कंट्रोल यूनिट तथा पार्षद चुनाव के लिए 21 बैलेट यूनिट तथा 21 कंट्रोल यूनिट का रैंडेमाईजेशन किया गया। सीवन नगर पालिका के प्रधान पद के चुनाव हेतू 21 बैलेट यूनिट तथा 21 कंट्रोल यूनिट, पार्षद पद के चुनाव हेतू 21 बैलेट यूनिट व 21 कंट्रोल यूनिट का रैंडेमाईशन किया गया।

### आत्मा स्कीम कंपोनेंट के तहत एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



**कलायत।** असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर डॉ रमेश किसानों को संबोधित करते।

गांव कैलरम में शुक्रवार को आत्मा स्कीम कंपोनेंट के तहत एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। आत्मा स्कीम की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के लिए कृषि विभाग द्वारा /"किसान गोष्ठियों/" के माध्यम से अनुसूचित जाति के किसानों को कृषि बागवानी पशुपालन आदि करने के तौर तरीको बारे विस्तार से जानकारी दी जा रही है। डा. विजय मान बीऐओ कलायत की अध्यक्षता में ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर जोगिंद्र बिहान असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर रमेश समध्यान, सूर्यकांत शर्मा , राजेश मोर ने कलायत के विभिन्न गाँवों में आतमा स्कीम के एससी कम्पोनेंट के तहत किसान गोष्ठीयों का किया आयोजन। असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर डॉ रमेश समध्यान ने विभाग की तरफ से अनुसूचित जाति के किसानो के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे जानकारी दी गई। किसानों को मिनी डेरी के रूप पशुपालन जैसे भैंस, बकरी, भेड़ व सुआर पालन करने पर 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है। उसी प्रकार अनुसूचित जाति के किसान अगर नेट हाउस लगवाते है तो उनको 75 प्रतिशत तक के अनुदान का लाभ उन्हें मिलता है। सटेकिंग विधि से सब्जियां उगानेपर भी किसानों को प्रति एकड़ 45 हजार तक अनुदान देने का प्रावधान है। इस कड़ी में यदि अनुसूचित जाति के किसान बायोगैस प्लांट लगवाते है तो 29250/- रुपये तक अनुदान दिया रहा है। समय-समय पर आत्मा स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के किसानों का देश- प्रदेश में भ्रमण करवाया जाता है। इसके पीछे लक्ष्य कृषि की नवीनतम तकनीकों से उन्हें अवगत करवाना है। जिन्द स्थित हरियाणा कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा भी समय समय पर अनुसूचित जाति के किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करके रोजगार योग्य बनाया जाता है डॉ.जोगिंद्र बिहान ने किसानों को गेहूं व सरसों के खेतों का सुबह शाम अच्छे से अवलोकन करने का आह्वान किया। ताकि बदलते मौसम के साथ फसलों में कोई कीड़ा या बीमारी नजर आए तो उसको समय रहते कृषि विशेषज्ञों की सहायता से रोका जा सके। और समय समय पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मधुमक्खी पालन , मशरूम की खेती, अचार बनाना ,मुरब्बा बनाना आदि के प्रशिक्षण प्राप्त करने का भी आह्वान किया ।किसान मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण जरूर करवाएं। इस दौरान कृषि पर्यवेक्षक डा. राकेश कुंडू व डॉ ऋषिपाल ने किसानों को मिट्टी पानी की जांच के आधार पर ही फसलों का चुनाव करने और खाद डालने की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। नम्बरदार कृष्ण, कर्मवीर, रामनिवाश, सुरेश होशियार सिंह, बलबीर सिंह, सुरेश कुमार, यशपाल आदि मौजूद रहे।

### आरकेएसडी कॉलेज के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कैथल।** आर्य पी.जी. कॉलेज, पानीपत में दिनांक 20 फरवरी, 2025 को आयोजित अंतर-महाविद्यालयी वाद-विवाद एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता में आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बी.बी.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा वर्तिका एवं बी.कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा स्नेहा ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में काशिश ने डॉ. एस.पी. वर्मा द्वारा रचित कविता के साथ काव्य पाठ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। साहित्यिक गतिविधियों की संयोजक डॉ. सुरुचि शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में छात्राओं ने यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं के साथ अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विकास भारद्वाज के नेतृत्व में गए।

**ग्राम पंचायत जीवनपुर**
**खण्ड जींद (हरियाणा)**

**नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत जीवनपुर में शिव मन्दिर वाले तालाब व खराब पानी वाले तालाब को मत्स्य पालन हेतु पट्टे पर देने का निर्णय लिया है। बोली दिनांक 12.03.2025 को गांव के पंचायती चबूतरे पर सुबह 11 बजे करवाई जानी है। नियम व शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/- सरपंच
ग्राम पंचायत जीवनपुर
मो. नं. 8569985458

## खबर संक्षेप



### मातृभाषा हमारी पहचान को आकार देती है : गुरदीप

**गुहला-चीका।** गुहला उपमंडल के गांव तारांवाली के राजकीय प्राथमिक पाठशाला तारांवाली में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को सुलेख प्रतियोगिता,कविता सुनाना,चित्रों पर चर्चा करना कराई कराई और बच्चों को शिक्षकों ने हिंदी भाषा का महत्व समझाया। शिक्षक गुरदीप उरलाना ने बताया कि मातृभाषा हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने जींद का मान बढ़ाया : आर्य

**सफीदों।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे जींद के जुलाना के बेटी रेख्खा गुप्ता को दिल्ली का सीएम बनाकर जींद जिले व हरियाणा का मान बढ़ाया है। यह बात पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने कही। उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता जींद जिले के साथ-साथ पूरे हरियाणा की बेटी है क्योंकि बेटी का संबंध किसी कौम विशेष से नहीं बल्कि पूरे समाज से होता है। रेखा गुप्ता के सीएम बनने से पूरे प्रदेश, जींद व जुलाना के लोग बेहद खुश है।

### खरकपांडवा से ट्रांसफार्मर चोरी

**कैथल।** कलायत पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरी का एक मामला दर्ज किया है। बिजली निगम कलायत के उपमंडल अभियंता अंकित ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि कर 18 फरवरी को गांव खरकपांडवा के किसान बालवीर के खेतों में रखा ट्रांसफार्मर व अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत 56030 बताई गई है।

### पशु क्रूरता के आरोप में दो गिरफ्तार

**कैथल।** गाड़ी में गोवंश को ठूंस ठूंस कर क्रूरता पुर्वक लदान करके ले जा रहे 2 आरोपी थाना कलायत पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव खरक पांडवा निवासी करनैल की शिकायत अनुसार वह गौ पुत्र सेना हरियाणा का सदस्य हैं। उसे 19/20 फरवरी की रात सूचना मिली कि एक पिकअप गाड़ी में गौवंश भरकर सजुमा रोड की ओर जा रहे है। कुछ देर बाद वही पिकअप गाड़ी खरक पांडवा की तरफ आती हुई नजर आई तथा उन्होने डायल 112 की मदद से गाड़ी को रुकवा लिया।

### शिक्षा योजना के तहत हुआ व्याख्यान

**सफीदों।** नगर के राजकीय पीजी कॉलेज में कॉमर्स एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा नेशनल इंस्टीस्च्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्किटस (एनआईएमएस) की कोना-कोना शिक्षा योजना के तहत सिक्योरिटी मार्किट में रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर डा. प्रदीप कुमार शर्मा ने की। मुख्यवक्ता सिक्योरिटी मार्किट ट्रेनर अरुण पुनिया एवं पद्मा ने शिरकत की।

# पूंडरी नगरपालिका चुनाव: दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर, होगा कड़ा मुकाबला

## आसान नहीं चेयरपर्सन की राह, विधायक और अन्य पदाधिकारी चुनावी प्रचार में उतरे, विपक्ष भी लगा रहा जोर

अश्वनी खुराना ▸▸| पूंडरी

पूंडरी नगरपालिका के चुनाव ने राजनीतिक सरगर्मियों को तेज कर दिया है। चेयरपर्सन पद के 3 उम्मीदवार सहित 16 वार्डों के लिए प्रत्याशी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। मतदाताओं को लुभाने के लिए उम्मीदवार घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं, रूठों को मनाने का सिलसिला सुबह से देर रात तक जारी है। पूंडरी में इस बार भाजपा ने अन्य नगरपालिकाओं की तरह निर्दलीय उम्मीदवारों को समर्थन देने के बजाय खुद सिंबल पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। यह चुनाव भाजपा विधायक सतपाल जांबा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है, क्योंकि उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह कर सिंबल पर चुनाव कराने का निर्णय लिया है।



**पूंडरी।** वार्ड के प्रत्याशी के साथ विधायक सतपाल जांबा।

### भाजपा की प्रत्याशी ममता सैनी

भाजपा ने चेयरपर्सन पद के लिए ममता सैनी को टिकट दिया है, लेकिन उन्हें सबसे बड़ी चुनौती अपनी ही पार्टी से बागी होकर निर्दलीय मैदान में उतरीं गुड्डी देवी सैनी से मिल रही है। वहीं, तीसरी प्रत्याशी बबली गोस्वामी सभी वर्गों के मतों को अपनी ओर खींचने में लगी हैं, जिससे मुकाबला त्रिकोणीय होता जा रहा है।

### चौधर के लिए जंग

चुनाव में भाजपा के सिंबल पर उतरने के बाद मुकाबला रोचक हो गया है। ममता सैनी, गुड्डी देवी सैनी और बबली गोस्वामी के बीच सीधा संघर्ष नजर आ रहा है। अब देखना यह होगा कि भाजपा अपनी रणनीति से यह चुनाव जीतने में सफल होती है या बागी और निर्दलीय प्रत्याशी बड़ा उलटफेर कर देंगे। मतदाता अपने फैसले के साथ तैयार हैं ।

### भाजपा का अन्य दलों से आए उम्मीदवारों पर दांव

विधायक सतपाल जांबा ने कई वार्डों में अन्य दलों के नेताओं को भाजपा में शामिल कर टिकट दिया है। वार्ड नं. 9 से भाजपा ने सरिता कत्याल और वार्ड नं. 6 से तु मंचल को मैदान में उतारा है, जो पहले इनेलो से जुड़ी रही हैं। इसी तरह, कई अन्य वार्डों में भी ऐसे प्रत्याशी भाजपा के टिकट पर खड़े किए गए हैं, जो कभी पार्टी के प्राथमिक सदस्य भी नहीं रहे। जैसे-

जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, चुनावी माहौल और 'यादा गर्म हो रहा है। प्रत्याशियों की ओर से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा के लिए जहां यह चुनाव संगठन की मजबूती साबित करने का मौका है, वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों की मजबूती पार्टी के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

## किसानों व मजदूरों को 15 रुपये में मिलेगा भरपेट भोजन

# पूंडरी, पाई, राजौंद व सीवन में खुलेंगी अटल कैंटीन

राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक द्वारा मंडी अधिकारियों को पत्र जारी कर कैंटीन बनाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

गेहूं का सीजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। इन तैयारियों में किसानों के लिए राहत भरी खबर है। जिला के फतेहपुर पूंडरी, पाई, राजौंद व सीवन की चारों अनाज मंडियों में अब अटल कैंटीन खोली जाएंगी। स्वयं सहायता समूह द्वारा चलाए जाने इन कैंटीनों में किसानों व मजदूरों को मात्र 15 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। इससे किसानों को महंगे होटलों व ढाबों के भोजन से छुटकारा मिल पाएगा।

इसे लेकर हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक द्वारा मंडी अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए कैंटीन में इंस्फ्रस्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए हैं। निदेर्शों के अनुसार अधिकारियों द्वारा आगामी प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। ताकि समय से पहले सभी सुविधाएं उपलब्ध करवा दी जाए। बता दें की इससे पहले कैथल अनाज मंडी, गुहला अनाज मंडी में अटल कैंटीन शुरू हो चुकी है। जहां पर सैकड़ो किसान भोजन करते हैं। यहां भी किसानों की मांग के अनुसार अटल कैंटीन शुरू करने का सरकार ने निर्णय लिया है।

बता दें कि जब किसान अपनी फसलों को लेकर मंडियों में जाते हैं, तो खाने के लिए होटल व ढाबों पर 100 रुपये से कम खाना की प्लेट नहीं मिलती। मजबूरी में बाहर किसानों को खाना -खाना पड़ रहा था। इससे उनकी जेब ढीली हो रही थी। अब काफी हद तक मजदूरों व किसानों को राहत मिलेगी और जेब खर्च में भी बचत मिलेगी।

**कैथल की अनाज मंडी**



### ऐसे मिलेगा खाना

आदेशों के मुताबिक कैंटीन में 15 मार्च से 31 मई तक और 15 सितंबर से 30 नवंबर तक सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक खाना मिलेगा।

### स्टील की थाली में मिलेगा खाना

खाना किसी डिस्पोजल में नहीं बल्कि स्टील की थाली में ही मिलेगा। करीब 2000 थाली रोजाना खाना खपत होने का अनुमान है।

### कोई भी ले सकता है खाना

वैसे तो यह कैंटीन किसान और मजदूरों के लिए खोली जा रही है, ताकि कोई भूखा न रहे। अगर अन्य किसी को भी जरूरत है उसे भी खाली हाथ नहीं लौटाया जाएगा।

### ये मिलेगा खाना

भोजन में रोटी, चावल, दाल, दो सब्जी, सलाद और रायता भी मिलेगा।

### अनाम मंडियों में सुविधा



हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल बोर्ड कैथल के कार्यकारी अभियंता सतपाल गोपेरा ने बताया कि फसल सीजन के दौरान अटल किसान-मजदूर कैंटीन शुरू करने बारे उच्च अधिकारियों सेपत्र मिल चुका है। डी.सी प्रीति के दिशा निर्देश अनुसार इस सीजन में अटल कैंटीन शुरू कर दी जाएगी। किसान, मजदूर व अन्य खाना खा सकेंगे।

# पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना

दुध उत्पादन या डेयरी फार्मिंग भारत मेंए छोटे व बड़े स्तर दोनों पर सबसे ज्यादा विस्तार में फैला हुआ व्यवसाय है। भारत में व्यवसायिक या छोटे स्तर पर दूध उत्पादन किसानों की कुल दूध उत्पादन में मदद करता है और उसकी आर्थिक वृद्धि को बढ़ाता है। इसमें कोई संदेह नहीं है किए भारत में कई वर्षों से डेयरी व्यवसाय या दूध उत्पादन ने आर्थिक वृद्धि में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुल दूध उत्पादन ने हमारे देश की अर्थव्यवस्था में बड़े स्तर पर भागीदारी की है। इस भागीदारी को देखते हुए पढ़े .लिखे बेरोजगारों को रोजगार उन्मुख बनाने के लिए पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा 3 दिन के पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसका आज समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार उन्मुख बनाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले दिन डॉण्राजेन्द्रए दुसरे दिन डॉण्नवजोत तीसरे दिन डॉण्महावीर ने पशुओं की बिमारीयों व उनके निदान के बारे में और पशु प्रजन्नए पशु प्रबंधनए संतुलित आहारए बीमारियों से बचाव आदि के बारे में केंद्र निदेशक रमन शीलवन्त विस्तार ने जानकारी दी।




**नरवाना।** प्रमाण पत्रों के साथ प्रशिक्षणार्थी।

## गौरव स्कूल रोहेड़ा में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**राजौंद।** गौरव स्कूल रोहेड़ा में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें विद्यालय के चारों सदनों के बच्चों ने बढ़ - चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहला स्थान चंद्र शेखर आजाद सदन ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान सुभाष चंद्र बोस सदन ने प्राप्त किया तथा तीसरा स्थान शहीदे आजम भगत सिंह सदन ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने बच्चों को विद्यालय में होने वाली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लाभ बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस दौरान स्कूल स्टाफ सदस्य जयपाल,बलविंदर ,जोगिंदर ,राहुल, कुलदीप, महावीर, राजेश, आशा,मोनिका,कीर्ति स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## किसान मंदी की मार झेलने को मजबूर

**राजौंद।** गांव जाखौली में भारतीय किसान मजदूर यूनियन कमेरा वर्ग के पदाधिकारी और किसानी मुद्दों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महावीर चहल ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की लीगल गारंटी पर भाजपा से मिल रहे धोखे का खामियाजा, किसान हर मौसम और हर फसल पर चुका रहे हैं। हरियाणा के किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य तो दूर, सरकारी खरीद के इंतजार में ही मंदी की मार झेलने को मजबूर हैं। सरसों की तैयार फसल पर 1200 रुपए प्रति क्विंटल तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरसों का तय न्यूनतम समर्थन मूल्य तो 5950 प्रति क्विंटल है, लेकिन सरकारी खरीद न होने से किसानों को 4500 से 4800 रुपए प्रति क्विंटल में ही देनी पड़ रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया



**नरवाना।** के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मातृभाषा का महत्व विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन भारतेंदु साहित्य परिषद हिंदी विभाग के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने कहा की भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि संस्कृतियों को जोडने का सेतु भी है। मुख्य वक्ता के तौर पर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जगबीर दूहन ने मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाषाएं सिफर् शब्द नहीं संस्कृतियों की धरोहर है। मां बोली वह भाषा होती है जिसमें हम अपने माता.पिता से संवाद करते हैं और जिससे हमारी सोच और भावनाएं सबसे ज्यादा जुड़ी होती हैं। संयुक्त राष्ट्र के अंग यूनेस्को ने विश्व में भाषा विविधता और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए 21 फरवरी 2000 से अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। हमें मातृभाषा पर गर्व करते हुए इसे सशक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अमीषा ने बांग्लादेशी भाषा आंदोलन के संदर्भ में अपने विचार रखें।

# शहीद कैप्टन पवन ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत मां का मान बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को शहीद कैप्टन पवन कुमार की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, शहीद कैप्टन पवन कुमार के पिता मा. राजबीर सिंह और कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन के साथ-साथ अन्य सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों, अधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शहीद कैप्टन पवन कुमार ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता के चरणों में अपना सर्वोच्च समर्पण किया। उनकी बहादुरी ने जींद और हरियाणा प्रदेश को गौरवांवित किया। उन्होंने सीमा पर तनाव बढने पर छुट्टियों को रद्द करके तत्परता से देश की सेवा में योगदान दिया। घायल होकर भी उनकी असीम शौर्यगाथा हमें हमेशा प्रेरित करती रहेगी। विश्वविद्यालय परिवार शहीद कैप्टन पवन कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, जो हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का कारण है। इस अवसर पर शहीद कैप्टन पवन कुमार के पिता राजबीर सिंह ने बेटे की बहादुरी को गौरवपूर्ण बताते हुए युवा पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम की भावना से जुडने की प्रेरणा दी। कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन ने भी शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



**जींद ।** शहीद कैप्टन पवन को नमन करते हुए वीसी सोमनाथ सचदेवा।

## राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय बेलरखा के विद्यार्थी बुनियाद परीक्षा में अव्वल



**नरवाना ।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा के विद्यार्थियों ने बुनियाद मिशन लेवल .2 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि विद्यार्थी जसिकाए दीपिकाए वर्षाए प्रिन्साए तमन्नाए हंसिका एआर्यन ए जशन ने बुनियाद लेवल 2 परीक्षा को उत्तीर्ण किया स विद्यालय प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने बताया कि यह हरियाणा सरकार की महत्वकांक्षी ए परिवर्तनकारी योजना हैए विद्यालय के विद्यार्थीयों ने शानदार परिणाम देते हुए परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि बुनियाद मिशन के तहतए इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को हरियाणा सरकार द्वारा निशुल्करू नीट ;छम्म्ज्द्धए जेईई ;श्रम्म्द्धए और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग प्रदान की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन समिति प्रधान सुखबीर शर्मा ने बताया कि यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है ए प्रधानाचार्य बलजीत गोयत के निर्देशन में ग्रामीण आंचल का विद्यालय उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा।

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुहला-चीका

डीएवी कॉलेज, चीका की एनएसएस इकाई द्वारा गांव बलबेहड़ा में आयोजित सात-दिवसीय शिविर का आज समापन समारोह किया गया । एनएसएस के 7-दिवसीय विशेष शिविर का सातवां और अंतिम दिन आज सड़क सुरक्षा और युवाओं का राष्ट्र निर्माण में योगदान विषयों पर केंद्रित रहा।

इस दिन का उद्देश्य युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर डॉ॰ हरमन ने युवाओं को सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

यह न केवल हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान भी बचाता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट का उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो॰ रणधीर सिंह ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर सहायक प्रो॰ बंटीदास, सरपंच प्रतिनिधि अजमेर फौजी पंचायत मेंबर संजू और गाँव के मौजूदा व्यक्ति उपस्थित रहे ।




**गुहला-चीका।** युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए रणधीर सिंह के साथ अन्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

**परीक्षा** परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थी देंगे लेवल 3 की परीक्षा

# बुनियाद लेवल टू में 432 विद्यार्थी उत्तीर्ण बेटियों ने परीक्षा में फिर से मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

बुनियाद लेवल 2 का परीक्षा परिणाम जारी किया गया है। इसमें जिले के 432 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिसमें लड़कियां लडक़ों से फिर से आगे हैं। जारी हुए परिणाम में 218 लड़कियां और 214 लडक़े शामिल हैं। परीक्षा में सफ ल होने वाले विद्यार्थियों को लेवल 3 के लिए चुना जाएगा। लेवल.3 में छात्रों से एक विषय आधारित पेपर लिया जाएगा। इसके बाद पूरे प्रदेश से चुने गए तीन हजार विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद के अंतर्गत स्थापित 103 केंद्रों पर उनकी शिक्षा शुरू कराई जाएगी। सात अप्रैल से बैच शुरू होने की संभावना है। वहीं 28 जनवरी को लेवल 2 की परीक्षा जिलेभर में पांच केंद्रों पर हुई थी। जिले के 1247 विद्यार्थियों में से 38 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे और 1209 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा सुबह साढ़े 11 बजे से लेकर डेढ़ बजे तक चली थी। दो घंटे तक चली इस परीक्षा में छात्रों से गणित आधारित 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे। प्रत्येक प्रश्न चार अंकों का था और परीक्षा 200 अंकों की थी। मिशन बुनियाद के तहत विद्यार्थियों को 9वीं व दसवीं कक्षा में दो साल तक एकेडमिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है।



### ये रहा परिणाम

| ब्लॉक | विद्यार्थियों की संख्या | पास हुई लड़कियां | पास हुई लड़के |
|---|---|---|---|
| अलेवा | 36 | 21 | 15 |
| जींद | 73 | 37 | 36 |
| जुलाना | 65 | 29 | 36 |
| नरवाना | 102 | 59 | 43 |
| पिल्लूखेड़ा | 35 | 10 | 15 |
| सफीदों | 46 | 19 | 27 |
| उचाना | 85 | 43 | 42 |
| कुल | 432 | 218 | 214 |

### जिले में पांच बुनियाद केंद्र

इस समय जिले में मिशन बुनियाद के पांच केंद्र बने हुए हैं। इसमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना व राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफ ीदों शामिल हैं, जहां लगभग 250 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं।

**जिले से 432 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण:** जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान ने बताया कि बुनियाद शिक्षा विभाग की अच्छी योजना है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है।